## खबर संक्षेप

### आरोपी के कब्जे से गांजा जब्त कर की कार्रवाई

**सीहोर।** थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्रवाई करते हुये आरोपी से 500 ग्राम गांजा कीमती 12000 रूपये का जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है । मुखबिर की सूचना पर गंगा बाई की चाय की दुकान पर हमराह बल की मदद से घेराबन्दी कर एक महिला को पकडा जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम गंगाबाई पति किशनलाल सोलंकी उम्र 45 साल निवासी इटावा जदीद थाना रेहटी का होना बताया जिसके अधिपत्य में से एक सफेद झोले में 500 ग्राम अबैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया आरोपी का कृत्य धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पाया जाने से आरोपी के विरूद्ध थाना रेहटी मे अपराध क्रमांक 340/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।

### 24 घंटे में 15.6 एमएम औसत वर्षा दर्ज की

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में प्रातः 08 बजे तक 15.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 0.0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0.0, आष्टा में 0.0, जावर में 0.0, इछावर में 0.0, भैरूंदा में 20.0, बुधनी में 56.0, रेहटी में 49.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 01 जून से 24 जून तक 91.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है।

### धरती आबा अभियान के तहत अब तक 3341 हितग्राहियों को किया लाभान्वित

# गांव-गांव में शिविर लगाकर ग्रामीणों को दिया जा रहा विभिन्न योजनाओं का लाभ

### मंगलवार को शिविर लगाकर किया गया 507 हितग्राहियों को लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे में सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति के उद्देश्य से जिले में संचालित किए जा रहे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को अब 15 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है। इस अभियान के तहत के तहत सीहोर जिले के चिन्हित 80 गांवों में अब 15 जुलाई तक दिनांकवार शिविर लगाए जा रहे हैं।

अभियान के तहत ग्रामों में ग्राम सभाएं भी आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के चिन्हित गांवों में लगाए जा रहे शिविरों में अभी तक 3341 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है। कलेक्टर बालागुरू के. ने इस अभियान के तहत चिन्हित किए गए सीहोर जिले के 80 गांवों के जनजातीय समुदाय के नागरिकों से अभियान के तहत दिनांकवार लगने वाले शिविरों में उपस्थित होने और योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है।

उन्होंने अपील की है कि सभी पात्र हितग्राही शिविरों में उपस्थित हों और पात्रतानुसार शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ लें, ताकि जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों का भी निरंतर विकास हो सके और कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। शिविरों में हितग्राहियों का आयुष्मान भारत योजना, केसीसी योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, मातृवंदना योजना, बाल आर्शीवाद योजना, तेंदूपत्ता संग्रहण एवं बोनस योजना, एकलव्य योजना, दिव्यांग पेंशन प्रोत्साहन योजना, कल्याणी पेंशन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, विश्वकर्मा योजना, पीएम सूर्यघर योजना, घरेलू कनेक्शन सब्सीडी योजना, पांच रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन योजना, पीएम आवास योजना सहित अनेक योजनाओं के लिए पंजीयन किया जा रहा है और इन योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

इसके साथ ही अभियान के तहत सभी पात्र हितग्राहियों का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, ई-केवायसी, जाति प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रोफाइल पंजीयन एवं बैंक खाता खोलना सहित अनेक सेवाओं के लिए पंजीयन भी किया जा रहा है।

#### आज इन गांवों में लगेंगे शिविर

अभियान के तहत 25 जून को भैरूंदा जनपद के ग्राम इटावा खुर्द, पिपलानी, घुटवानी, हमीदगंज, बोरखेडा खुर्द, मंजीखेडी, बसंतपुर पांगरी, छापरी, कुरी नयापुरा, रफीकगंज, कोसमी, सिंहपुर, नवलगाँव, मोगराखेडा, भिलाई, मरियाडो, पलासी कला, गिल्लोर, सेवनिया, पाटतलाई, अमीरगंज, लावापनी, कोठरा पिपलिया, आमडो, खजुरी, ढाबा, नरेला एवं चिचलाह खुर्द में शिविर आयोजित किए जाएंगे। बुधनी जनपद के ग्राम खंडाबड, आष्टा जनपद के ग्राम पीथपुरा, सीहोर जनपद के ग्राम आमामाय और इछावर जनपद के ग्राम अविदाबाद, लोहापठार, चिकलपानी एवं झालपीपली में शिविर लगाए जाएंगे ।

# टोल प्लाजा पर हुई मारपीट दस लोगों पर मामला दर्ज

### दो घायल, एक की हालत गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अमलाहा टोल प्लाजा पर गाड़ी मालिकों और कर्मचारियों के बीच मारपीट हो गई। डंडे-फावड़े चल गए। झड़प में दो लोग घायल हो गए। एक की स्थिति गंभीर होने पर भोपाल रेफर किया गया है। घटना सोमवार शाम 4.40 बजे की है। पुलिस ने आष्टा, हकीमाबाद और सीहोर के 10 से ज्यादा लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

सब इंस्पेक्टर अविनाश भोपले के अनुसार, वाहन मालिकों ने नाके से फ्री में गाड़ी निकलवाने की बात कही। इस पर टोल कर्मचारियों ने आपत्ति जताई। बात बहस से बढ़ते हुए मारपीट पर पहुंच गई। 20 से ज्यादा लोगों ने टोलकर्मियों पर डंडों और फावड़ों से हमला कर दिया। टोल ऑफिस में घुसकर तोड़फोड़ भी की। सोमवार को एक टोलकर्मी अपने बच्चे को लेकर ड्यूटी पर आया था। जिस वक्त झड़प हुई, बच्चा मौके पर मौजूद था। मारपीट देखकर वह डर गया और रोने लगा।

घटना में घायल रोहित नाथ ने कहा, 'टोल मैनेजमेंट ने एक दर्जन से ज्यादा बाउंसर तैनात कर रखे हैं, जो यात्रियों के साथ अक्सर दुर्व्यवहार करते हैं। हमसे टोल पर तय राशि से ज्यादा रुपए मांगे गए। आपत्ति ली तो उनके बाउंसर्स ने मारपीट की। टोल मैनेजमेंट ने उनके बाउंसर्स द्वारा की गई मारपीट के फुटेज पुलिस को नहीं दिए हैं। सब इंस्पेक्टर अविनाश भोपले ने बताया- अभी सिर्फ टोल टैक्स मैनेजमेंट की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है। दूसरे पक्ष के दो लोग अस्पताल में भर्ती हैं, उनने एफआईआर नहीं कराई है।

## प्रदर्शनी लगाकर बताया भारत के इतिहास में इमरजेंसी का कलंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




मंगलवार को आपतकाल के काले अध्याय का 50 वां वर्ष के निमित्त भाजपा द्वारा आपातकाल की प्रदर्शनी का लोकार्पण भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, पार्षदगण अर्जुन राठौर, प्रदीप बिजोरिया, विजेन्द्र परमार, कमलेश राठौर, अजय पाल राठौर, संतोष शाक्य, मांगीलाल मालवीय, लोकेन्द्र वर्मा, कमलेश कुशवाहा, प्रदीप गौतम, नरेन्द्र राजपूत आदि शामिल थे। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि मंगलवार को बस स्टैंड पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा और विधायक श्री राय के मार्गदर्शन में प्रदर्शन का लोकार्पण किया गया है। बुधवार को शहर के चाणक्यपुरी में भी प्रदर्शनी लगाई जाएगी। भाजपा जनता के समक्ष कांग्रेस के कलंकित चेहरे को बेनकाव करेगी। इसके लिए आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर 25 जून को प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कांग्रेस के काले कारनामों के बारे में जनता को बताया जाएगा। प्रदर्शनी के माध्यम से आपातकाल के समय चले संघर्ष की कहानी को उस समय के चित्रों एवं मीडिया कवरेज के माध्यम से दर्शाया गया है।

## छात्राओं के लिए कॉलेज लेवल काउंसलिंग प्रारंभ

**सीहोर।** जिला मुख्यालय पर स्थित शासकीय महिला पोलिटेक्निक महाविद्यालय में अनुसूचित जाति वर्ग की छात्राओं छात्राओं के पूर्णतः निःशुल्क है। संस्था में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग ब्रांच एवं मार्डन ऑफिस मैनेजमेंट ब्रांच में द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया उपरांत शेष रही रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए कॉलेज लेवल काउंसलिंग के लिए ऑनलाईन पंजीयन 18 जून से प्रारंभ हो गये है। संस्था प्राचार्य डीआर वर्मा ने बताया कि कक्षा 10वीं उत्तीर्ण छात्राएँ पंजीयन के उपरांत प्रवेश का पहला अवसर 2 जुलाई 2025 को दिया जायेगा, इसके बाद रिक्त स्थान भरने तक प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुधवार, एवं शुक्रवार को संस्था स्तर पर काउंसलिंग की जावेगी, तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा काउंसलिंग की अंतिम तिथि 14 अगस्त 2025 तय की गई है। इच्छुक छात्राएं कार्यालयीन समय में संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश संबंधी जानकारी डॉक्टर स्मिता शर्मा एवं श्री ओपी श्रीवास्तव से प्राप्त कर सकती है।

## चाय की दुकान तोड़ी, कलेक्टर से लगाई गुहार

**सीहोर।** इंदिरा नगर जहांगीरपुरा निवासी बेरोजगार युवा रोहित कुशवाहा पिता विनोद कुशवाहा ने जनसुनवाई में गुहार लगाई है कि विगत 5 सालों से जांहगीरपुरा जोड़ पर शासकीय भूमि पर टपरा बनाकर चाय दुकान चलाकर मेरे परिवार का भरण पौषण कर रहा था। परन्तु पटवारी द्वारा बिना किसी नोटिस के दिनांक 19 जून को केवल मेरी ही चाय की दुकान तोडऩे की कार्यवाही करते हुए मेरी रोजी-रोटी छीन ली, जबकि उक्त शासकीय भूमि पर अन्य लोगों के पक्के निर्माण हैं, उनके ऊपर कोई कार्यवाही नही की गई। रोहित कुशवाह की यह भी शिकायत है कि मुझसे रिश्वत मांगी गई थी, जो मैं नही दे सका। इसलिये द्ववेश्ता पूर्ण कार्यवाही केवल मुझ पर ही की गई है। मेने 181 पर भी शिकायत की, जिस पर पटवारी द्वारा मुझे दिनांक 23.06.2025 को बुलाया गया और मुझे डराया धमकाया की शिकायत वापस ले, अन्यथा तुझे जेल भिजवा दुंगा।

## पंचायत सचिवों ने अपनी तेरह सूत्रीय मांगों को लेकर विधायक प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले भर के पंचायत सचिव विधायक कार्यालय पहुंचे। सचिवों ने विधायक सुदेश राय की अनुपस्थिति में विधायक प्रतिनिधि युवा भाजपा नेता राजकुमार जायसवाल रिंकु को मप्र पंचायत सचिव संगठन जिला अध्यक्ष विजय त्यागी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम तेरह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया।

भाजपा नेता राजकुमार जायसवाल रिंकु ने कहा कि सचिवों की मांगे जायज है ज्ञापन को आगामी कार्रवाही के लिए विधायक जी की अनुशंसा के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय प्रेषित किया जाएगा। ग्राम पंचायतों के सचिवों ने बताया कि स्थानीय निकाय के अध्यापकों का संविलियन किया जा चुका है,उसी तर्ज पर ग्राम पंचायत सचिवों का भी विभाग में संविलियन किया जाए। पसचिव ग्राम पंचायत से अन्य जनपद की ग्राम पंचायत में पदस्थ होकर मकान किराए से लेकर अपनी सेवाएं दे रहे है, शासकीय कर्मचारियों की भांति गृह भाड़ा भत्ता दिए जाना चाहिए।

विभाग द्वारा निर्देश के बावजूद 1 तारीख को वेतन भुगतान नहीं किया जाता है। ग्राम पंचायत सचिवों को 5 लाख का दुर्घटना बीमा का लाभ दिया जाए। सिविल सेवा अवकाश नियम 1977 के समान अवकाश का लाभ पंचायत सचिव को दिए जाने संबंधी असाधारण राजपत्र का अंतिम प्रकाशन किया जाएं। ग्रेच्युटी एवं अर्जित अवकाश का नगदी करण, सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी एवं अजिज़्त अवकाश का नगदीकरण देने निर्देश दिए जाने चाहिए। ज्ञापन देने समय सुरेश कुमार विश्वकमाज़, पूनम चंद्र तिवारी, ओम प्रकाश शमाज़, महेश राठौर, धमेर्न्द्र पाठक, खुमान सिंह, जियालाल, घनश्याम मेवाड़ा, दिलीप सिंह, विक्रम ठाकुर, मांगीलाल ठाकुर, राधेश्याम चंद्रवंशी, जगदीश जाट आदि सचिव उपस्थित रहे।

## अगर हम समर्थ हैं तो ऐसे काम करें, जिनकी वजह से लोग की अज्ञानता भी दूर होः पंडित प्रदीप मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जो लोग निरक्षर हैं, उनके जीवन में कई तरह की समस्याएं आती हैं। इसलिए ऐसे लोगों को शिक्षित करने में मदद करनी चाहिए, जो शिक्षित नहीं हैं। लोग पढ़-लिख लेते हैं तो उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता है।

अगर हम समर्थ हैं तो ऐसे काम करें, जिनकी वजह से लोग की अज्ञानता दूर हो जाए। अंधकार कोई पदार्थ नहीं होता अंधकार प्रकाश का अभाव रहता है और जब प्रकाश आता है तो अंधकार दूर हो जाता है। भगवान शिव की भक्ति करों और जीवन में सहयोग की भावना प्रबल करों उक्त विचार जिला मुख्यालय स्थित कुबेरेश्वरधाम में जारी जरूरतमंदों की सेवा कार्य के क्रम को आगे बढ़ते हुए अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने मंगलवार को यहां पर मौजूद जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा सामग्री का वितरण किया। धाम पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं को विठलेश सेवा समिति के द्वारा निशुल्क रूप से भोजन, पेयजल सहित अन्य की व्यवस्था की जाती है। इसके अलावा अन्य सेवा के कार्य भी नियमित रूप से चलते है। मंगलवार को बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को पंडित श्री मिश्रा ने शिक्षा सामग्री प्रदान की और अपने संदेश में कहाकि शिक्षा दान सबसे बड़ा दान है। हमें जरूरतमंदों को शिक्षा में सहयोग करने के लिए हर संभव सहयोग करना चाहिए।

मंगलवार को सुबह पंडित श्री मिश्रा ने भोजन शाला में प्रसादी का वितरण भी किया और सुबह ग्यारह बजे अपने प्रवचन के दौरान कहाकि जो लोग दूसरों के लिए गलत सोचते हैं, जलन की भावना रखते हैं और दूसरों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं, उन लोगों को कभी भी सुख-शांति नहीं मिल पाती है। अगर सुख-शांति पाना चाहते हैं तो अच्छी सोच, अच्छी भावना और अच्छे विचार, ये तीन बातें हमारे लिए बहुत जरूरी हैं।

### कलेक्टर ने आम नागरिकों से जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए की अपील

# सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर कलेक्टर, सीईओ बने निक्षय मित्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र के रूप में अपना पंजीयन कराया। उन्होंने निक्षय मित्र बनने के सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर निक्षय मित्र बने। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वे अपने जिले में निवासरत टीबी मरीजों को उपचार एवं पोषण के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि इन टीबी मरीजों एवं उनके आतिों को बेहतर स्वास्थ्य और उनके आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करेंगे और उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से लाभान्वित करने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर डॉ जेडी कोरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी नागरिकों से सीहोर जिले को टीबी मुक्त बनाने की अपील की है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि टीबी को खत्म करने के उद्देश्य से टीबी मुक्त भारत अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले की विभिन्न शासकीय संस्थाओं में टीबी की निशुल्क जांच एवं स्क्रीनिंग उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि सीहोर जिला जल्द से जल्द टीबी मुक्त जिला बने। इसके लिए जिले के प्रत्येक नागरिक के सहयोग की आवश्यकता है। टीबी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर टीबी की जांच करवाएं। उन्होंने कहा कि टीबी एक गंभीर बीमारी है, लेकिन निरंतर उपचार और सावधानी से इसका इलाज संभव है। इस बीमारी को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास और जनभागीदारी की आवश्यकता है। कलेक्टर बालागुरू के. ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी को लंबे समय तक खांसी, बुखार, वजन घटने या भूख न लगने जैसी समस्याएं हों, तो तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति जो कभी भी किसी टीबी के मरीज के संपर्क में आएं हैं वे भी अपनी स्क्रीनिंग कराएं ताकि किसी प्रकार से टीबी का कोई खतरा न रहे। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी मिलकर टीबी को खत्म करने में सहयोग करेंगे तो निश्चित ही टीबी हारेगा और सीहोर जीतेगा।

## साथी अभियान चलाकर किया जा रहा है निराश्रित बच्चों का सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधान जिला न्यायाधीश व जिला विधिक के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार निराश्रित बच्चों की आधार ट्रैकिंग तक पहुंच और उनके समग्र समावेशन के लिए साथी अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत सर्वे किया जा रहा है और सर्वे के पश्चात शिविर लगाकर बच्चों के आधार कार्ड बनवाये जाएंगे। इसके लिए प्रधान जिला न्यायाधीश आर्य द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्न सिंह की अध्यक्षता में समिति गठित की है।

समिति में जिला बाल संरक्षण अधिकारी, डीसीपीओ, सभी तहसीलदार, जिला शिक्षा अधिकारी, सीएमएचओ, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, प्रभारी किशोर इकाई, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के प्रतिनिधिगण, पैनल अधिवक्ता, पीएलव्ही आदि को शामिल किया। अभियान का उद्देश्य सड़कों या अन्य स्थानों पर रहने वाले उन निराश्रित बच्चों की पहचान करना है, जिनके पास आधार कार्ड नही है। अभियान के उनके आधार कार्ड बनवाए जाएंगे तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

अभियान के तहत 26 जून तक ऐसे बच्चों की पहचान के लिए सर्वे किया जा रहा है। सर्वे के पश्चात शिविर लगाकर इन बच्चों के आधार कार्ड बनाए जाएंगे और विभिन्न योजनाओं के लिए पंजीयन कराया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि उनके आस-पास यदि कोई निराश्रित बच्चे हो तो निकटतम आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केन्द्र, स्थानीय तहसील विधिक सेवा समिति एवं सीहोर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में उनकी जानकारी दें, ताकि उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### हेपेटाइटिस बी व सी के चिन्हांकित पॉजीटिव जांच कैंप 27 जून तक

**सीहोर।** राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत हेपेटाईटिस बी एवं सी की जांच कैंप 25 से 27 जून तक किये जाने है। जांच में पॉजीटिव पाये गये व्यक्तियों (जिनका वायरल लोड टेस्ट नहीं कराया गया है) बेसलाईन टेस्ट (CBC, RFT, LFT) एवं हेपेटाइटिस बी पॉजीटिव गर्भवती महिलाओं का डिलेवरी के तुरंत बाद वायरल लोड टेस्ट किये जाना है। डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अपील की है कि हेपेटाईटिस बी एवं सी की जांच के लिए विकासखण्ड में कैंप का आयोजन 25 जून से 27 जून तक किया जा रहा है। डॉ. डेहरिया ने बताया कि 25 जून को बुधनी एवं भैंरूदा में, श्यामपुर में 26 जून को और 27 जून को जिला चिकित्सालय में आयोजित किया गया है। संबंधित व्यक्ति निकटतम सस्थाओं से लाभ प्राप्त कर सकतें है।

### डिजिटल और पारदर्शी प्रक्रिया से होगी आंगनबाड़ी की भर्ती

**सीहोर।** अंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की भर्ती पूर्णतः डिजिटल और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से की जाएगी। रिक्त पदों की पूर्ति के लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि मध्यप्रदेश में पहली बार पारदर्शी शासन प्रणाली की भावना को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस प्रक्रिया में इच्छुक महिलाएं चयन पोर्टल पर अपना आवेदन कर सकेंगी। आवेदनकर्ता अपने दस्तावेज भी इसी पोर्टल पर अपलोड करेंगे तथा चयन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन एवं योग्यता आधारित होगी। इस पहल से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की योग्य महिलाओं को समान अवसर मिलेगा और चयन में किसी प्रकार की भेदभाव या अपारदर्शिता नहीं होगी। इच्छुक अभ्यर्थियों को चाहिए कि वे 4 जुलाई 2025 तक पोर्टल पर अपना आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस बार विभागीय कार्यालयों में ऑफलाइन या व्यक्तिगत रूप से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग

**सीहोर।** ग्वालियर उच्च न्यायालय में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश व्यापी संविधान सत्याग्रह आंदोलन के अंतर्गत इछावर विधानसभा के बिलकिसगंज ब्लॉक के ग्राम बरखेड़ी में रखा गया जिसमें इछावर के पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल शामिल हुए। इस मौके पर श्री पटेल ने कहा की बाबा साहब हमारे राष्ट्र के संविधान निर्माता है जब देश के सर्वोच्च न्यायालय में उनकी मूर्ति स्थापित है तो फिर ग्वालियर उच्च न्यायालय में भी होना चाहिए। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष मनोज पटेल, वरिष्ठ कांग्रेसी देवकीनंदन त्यागी पूर्व सरपंच नारायण सिंह परमार बृजेश ने ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम मीणा मंडल अध्यक्ष दशरथ परमार सेक्टर अध्यक्ष ब्लॉक परमार हेमराज कुशवाहा, भोलाराम त्यागी, राजेंद्र राजपूत, रवि परिहार, सुनील जाटव, मुकेश जाटव आदि उपस्थित रहे।

### कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वास्थ्य संस्थाओं को किया सम्मानित

# भारत सरकार से कायाकल्प कार्यक्रम अंतर्गत जिला चिकित्सालय देवास को मिला प्रथम पुरस्कार

जिला चिकित्सालय सिवनी और देवास कायाकल्प में प्रथम, एनक्यूएएस मापदंड में दतिया शीर्ष पर। समस्त स्वास्थ्य संस्थानों को मानक अनुरूप बनाने के लिये करें सघन प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सीएमएचओ डॉ सरोजनी जेम्स बेक ने बताया कि नरोन्हा प्रशासनिक अकादमी भोपाल स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में कायाकल्प, एनक्यूएएस, मुस्कान एवं लक्ष्य कार्यक्रमों के अंतर्गत वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली स्वास्थ्य संस्थाओं को पुरूस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री शिवाजी पटेल ने भारत सरकार द्वारा विकसित कायाकल्प मापदण्ड अनुरुप महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय देवास मध्यप्रदेश द्वारा उत्कृष्ट कार्य कर कायाकल्प फाइनल मूल्यांकन में 90.17 प्रतिशत स्कोर प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने पर देवास मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह सिविल सर्जन डॉ. सरोजनी जेम्स बेक और अस्पताल प्रबंधक प्रमोद गुणवान को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल में कायाकल्प मापदण्ड के अंतर्गत किये गये कार्यों से उच्च स्तर की गुणवत्ता पूर्ण संक्रमण रहित स्वास्थ्य सेवायें विकसित हुई है। जिला चिकित्सालय सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्य से आमजन मानस में भी स्वास्थ्य संस्था के प्रति विश्वास सुदृढ़ हुआ है। जिला अस्पताल में भारत सरकार की टीम द्वारा भ्रमण कर विभिन्न विभागों का मुल्यांकन कार्य किया गया था। जिला अस्पताल के परिसर और ओपीडी के विभिन्न विभागों में भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाएं देखी स्टॉफ से चर्चा कर एनक्यूएएस का नेशनल असेसमेंट किया गया था। एनक्यूएएस (राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक) के अंतर्गत जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में प्राथमिक स्वास्थ्य बाईजगवाडा, पानीगांव और उपस्वास्थ्य केन्द्र बिचकुंआ को गुणवत्ता प्रमाणन, अवार्ड प्रदान किया गया।इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि कायाकल्प अभियान की शुरुआत वर्ष 2015-16 में हुई थी, जब केवल 9 संस्थाएं मापदंडों पर खरी उतर सकीं थीं, वहीं वर्ष 2024-25 में यह संख्या बढ़कर 675 स्वास्थ्य संस्थाओं तक पहुँच चुकी है। इससे स्पष्ट है कि राज्य की प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्तर की स्वास्थ्य संस्थाओं में अभूतपूर्व परिवर्तन हो रहा है। यह परिवर्तन मात्र संख्या नहीं, बल्कि गुणवत्ता, पारदर्शिता और जनविश्वास का प्रतीक है।कायाकल्प अवार्डवर्ष 2023-24 के अंतर्गत महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय देवास को जिला चिकित्सालय श्रेणी में प्रथम पुरस्कार (15 लाख), सिविल अस्पताल हजीरा (ग्वालियर) को सीएचसी श्रेणी में प्रथम पुरस्कार (10 लाख), पीएचसी अमलाहा (सीहोर) को सह-विजेता के रूप में (1 लाख), तथा मक्सी (शाजापुर) और संजयनगर (जबलपुर) स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार (2 लाख) से सम्मानित किया गया।

# हिरण को बचाने में बोलेरो व बाइक चालक में भिड़ंत

### बाइक चालक और हिरण की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरासा

सोमवार दोपहरहाटपिपलिया नेवरी मार्ग पर भौंरासा थाना अंतर्गत बड़ी चुरलाय फाटे के समीप एलएनटी कंपनी की बोलेरो गाड़ी व मोटरसाइकिल में आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई बताया जा रहा है कि एक हिरण जो जंगल से रोड की तरफ आ रहा था जिसे बचाने में बोलेरा व मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें मोटरसाइकिल सवार इरफान शाह पिता सलीम शाह निवासी ग्राम अरलावदा की मौके पर ही मौत हो गई व वन्य जीव हिरण की भी गाड़ियों से टकराने पर मौत हो गई।

सूचना मिलते ही भौरासा थाना अंतर्गत डायल हंड्रेड आरक्षक 563 जोजन सिंह व पायलेट लकी पटेल मौके पर पहुंचे एवं फॉरेस्ट विभाग की टीम भी पहुंची। बताया जा रहा है कि इरफान सिलावटी का कार्य करता था और वह अपने कार्य के चलते नेवरी फाटे पर जा रहा था तभी रास्ते में यह हादसा हो गया।हादसे के बाद इरफान को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के चार बच्चे है। मामले में भौंरासा पुलिस जांच करने में जुटी है।

### यज्ञ में श्रद्धालु प्रतिदिन डाल रहे आहूतियां



**देवास।** 20 जून से माँ चामुण्डा प्रकटोत्सव का के अंतर्गत माता टेकरी पर चंडी यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। अशोकनाथ पुजारी ने बताया कि पं. सुभाष रावल ग्राम कवड़ी वाले के आचार्यत्व में प्रतिदिन यजमान के रूप में 13 जोड़े उपस्थित हो कर आहूतियां प्रदान कर रहे हैं। माता टेकरी पर आने वाले सैकड़ों श्रृद्धालु माता दर्शनों के साथ यज्ञ के दर्शनों का लाभ ले रहे हैं। आगामी 26 जून को पुजारी परिवार एवं जनसहयोग से माता टेकरी पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# देवास में एडीएमपी ने किया पिंक रन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



एसोसिएशन ऑफ देवास मेडिकल प्रेक्टिशनर द्वारा आयोजित देवास पिंक रन में शहर के नागरिक, हिंद फौज के सैनिक, कई स्कूलों के विद्यार्थी, नरसिंगहोम की छात्राएं एवं स्टाफ तथा चिकित्सक व उनके परिवार के सदस्यो, बच्चों ने बड़े ही उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. आर.एस. दुबे ने बताया कि स्तन कैंसर व गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के बारे में जागरूकता लाने के लिए संस्था द्वारा रविवार प्रातः 6 बजे देवास पिंक रन का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम देवास नगर निगम महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य व मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत संस्था अध्यक्ष डॉ. मुग्धा कुलकर्णी द्वारा बुके एवं स्मृतिचिन्ह देकर किया गया। डॉ. कुलकर्णी ने कैंसर के बारे में बताते हुए इससे बचाव व सुरक्षा हेतु कैंसर रोधी टीकाकरण कब कैसे करवाना चाहिये इसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। डॉ. सीमा कोठारी ने आज की परिस्थितियों में ब्रेस्ट कैंसर व सर्वाइकल कैंसर जैसी भयावह बीमारी महिलाओं में सामान्य रूप से पाई जाती है इसके बारे में जनमानस को अवगत कराते हुए क्या सावधानियां बरतें यह बताया। अतिथिद्वय व संस्था अध्यक्ष डॉ. कुलकर्णी ने देवास पिंक रन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

संस्था द्वारा सभी प्रतिभागियों को टीशर्ट एवं मेडल प्रदान किये गये। कार्यक्रम में हिंद फौज के कमांडर जितेन्द्र गौस्वामी व सैनिकों, संस्कार हास्पिटल, संस्था के डॉ. आर.एल.वर्मा, डॉ. निलेश गगरानी, डॉ. इंदरजीत अरोरा, डॉ. अभिषेक सोनी, डॉ. राहुल राठौर, डॉ. अशोक सेंधव, डॉ. सुलभा रानी, डॉ. राजशी केलकर, डॉ. मजहर शेख, डॉ. पुनीत माहेश्वरी, डॉ. दिलीप जोशी,डॉ. अश्विन केलकर, डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव, डॉ. अंजुम गजधर, डॉ. स्मिता दुबे, डॉ. अरूण दुबे, डॉ. योगेश वालिम्बे, आशीष कोठारी व चिकित्सक परिवार का सराहनीय सहयोग रहा। विशेष रूप से शासन प्रशासन, पुलिस व ट्राफिक पुलिस का पूरी तरह से देवास पिंक रन को निर्विघ्न संपन्न कराने में योगदान रहा।

# हाउसिंग बोर्ड ब्रिज निर्माण के कारण मार्ग बंद होने से रहवासियों को हो रही परेशानी, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हाउसिंग बोर्ड स्कूल, पोलिगं और पोलियो सेन्टर के साथ संतोष नगर, कृष्णा नगर कालोनी में आने जाने के लिए मुख्य निकासी मार्ग पर रेल्वे ब्रिज निर्माण कम्पनी द्वारा बंद कारने के कारण नया रास्ता दिलाने रहवासियों ने कलेक्टर से मांग की है। हाउसिंग वोर्ड स्कूल, पोलिगं वूथ, पोलियो सेन्टर एवं संतोष नगर कृष्णा नगर कालोनी निकासी हेतु एक मार्ग है जो हाउसिंग वोर्ड कालोनी का मुख्य मार्ग है। इसे जिसे रेल्वे ब्रिज निर्माण कम्पनी द्वारा बंद कर दिया है। इस रास्ते से बच्चों को स्कूल आने में 2 किलो मीटर का फेरा लागा कर रेल्वे ब्रिज के नीचे से आना पड़ता है। जिस के कारण बच्चों के साथ दुर्घटना की भी सम्भवना बनी रहती है।

हाउसिंग वोर्ड कालोनी का मुख्य मार्ग बंद हो जाता है तो समस्त कालोनीवासीयों को सोनी पेट्रोल पम्प के पास अस्थाई कच्चे रास्ते से आना जाना होता है। यह रास्ता बारिश के समय बंद हो जाता है, या भूमि स्वामी द्वारा बंद कर दिया जाता है। इस से स्कूल आने वाले बच्चों को बहुत परेशानी होती है। हाउसिंग वोर्ड स्कूल पोलिगं वूथ, पोलियो सेन्टर एवं अन्य गतिविधियो का सेन्टर होने से यह पचामा, शीतल विहार, रेल पटरी पार, चाणक्यपूरी व अवधपूरी के बच्चे एवं व्यकितयो का आना जाना होता है। उत्त्पके इसमहोदय जब आप अधिकारी गण भी हाउसिंग वोर्ड स्कूल पोलिगं वूथ, पोलियो सेन्टर आते है तो आप लोगो को भी हाउसिंग वोर्ड कालोनी का मुख्य मार्ग बंद होने पर आने में परेशानी होती होगी। रहवासियों ने मांग की है कि हाउसिंग बोड स्कूल पोलिगं, पोलियो सेन्टर पर आने जाने हेतु सोनी पेट्रोल पम्प के पास से जो अस्थाई कच्चा रास्ता और राजेन्द्र राठौर की मेड से होकर गुजरता है उसे स्थाई निकासी मार्ग उपलब्ध करा कर उसे सुविधा युक्त बनाया जाए।

# करनावद में कार्यकर्ताओं ने मनाई मुखर्जी की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



नगर करनावद में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान नप अध्यक्ष परसराम पाटीदार, उपाध्याय राजेश गोयल सहित भाजपा कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर युवाओं कार्यकर्ताओं को संगठन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें बताई। सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान डॉ. राजेश पाराशर, आनन्द सोनेर,पंकज पाटीदार, राधेश्याम लोधी, धर्मेंद्र विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

### सड़क निर्माण की मांग को लेकर कॉलोनीवासियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# कच्चे मार्ग से आवागमन में लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



नगर की दुर्गा कॉलोनी से गांव तालाब पहुंच मार्ग वर्षों बाद भी पक्का नहीं बनाया जा सका है। मार्ग कच्चा होने के कारण वह बारिश के चलते गंदगी और दलदल में तब्दील हो गया है। ऐसे में कालोनीवासियों एवं किसानों का इस मार्ग पर आवागमन दुभर हो रहा है। सोमवार को कालोनी के रहवासी व किसानों ने बड़ी संख्या में तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने उक्त मार्ग को पक्का बनाने की मांग की है। सोमवार को दुर्गा कालोनी के रहवासी एवं किसान बड़ी संख्या में एकत्रित होकर तहसील कार्यालय पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने एसडीएम जमील खान के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने बताया कि दुर्गा कॉलोनी से गांव तालाब पहुंच मार्ग का अभी तक पक्का निर्माण नहीं किया जा सका है, जबकि उक्त मार्ग से कालोनीवासियों के साथ ही प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान अपने खेतों के लिए आवागमन करते हैं। लेकिन मार्ग कच्चा और उबड़-खाबड़ होने के कारण लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर बारिश के मौसम में उक्त मार्ग कीचड़ और गंदगी में तब्दील हो जाता है। ऐसे में इससे आना-जाना काफी दुभर हो रहा है। ज्ञापन में लोगों ने उक्त मार्ग को पक्का बनाने की मांग की है, ताकि किसान और कालोनीवासियों का आवागमन आसान और सुलभ हो सकें। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से बद्रीप्रसाद, राधेश्याम, लखन वर्मा, आदित्य वर्मा, मोहित वर्मा, सुनील वर्मा, जतन सिंह, दिनेश वर्मा, दिलीप सिंह, अभिषेक वर्मा, नीरज वर्मा, आशीष वर्मा, श्याम वर्मा आदि के नाम शामिल है।

# सनातन संस्कृति संस्कार परंपरा के साथ मनेगा गुरु पूर्णिमा का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




श्री माधव महाकाल आरोग्य आश्रम सीहोर के तत्वावधान में सनातन संस्कृति संस्कार गुरुपरंपरा एवं राष्ट्र निर्माण गाय गुरु गोविंद माता-पिता की सेवा के संकल्प के साथ मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा अमृत महोत्सव आने वाली 10 जुलाई को पूज्य गुरुदेव श्री श्री 108 धर्मरक्षक गुरुदेव संत पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा के आशीर्वाद एवं कथा व्यास परम गोभक्त क्रांतिकारी संत पंडित मोहित रामजी पाठक के सानिध्य में आयोजित होने वाले गुरु पूर्णिमा अमृत महोत्सव की तैयारी एवं भव्यता एवं दिव्यता को लेकर एक बैठक का आयोजन आश्रम परिवार द्वारा किया गया जिसमें किस प्रकार गुरु पूर्णिमा महोत्सव की दिव्यता एवं भव्यता साथ में किस प्रकार सनातन संस्कार संस्कृति के साथ युवा पीढ़ी को सनातन हिंदू धर्म से जोड़ते हुए गुरु नाम से दीक्षित किया जाए इसको लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया बैठक के प्रारंभ में सर्वप्रथम भगवान ठाकुर जी का पूजन एवं आरती कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

बैठक में आए सभी आश्रम परिवार के सदस्यों द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए जिसमें सर्वसम्मति से सुरेश शर्मा को गुरु पूर्णिमा अमृत महोत्सव 2025 आयोजन समिति के अध्यक्ष बनाया गया साथ में तुलसीराम परमार को उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा को कोषाध्यक्ष बनाकर कर आयोजन समिति का निर्माण किया गया इस आयोजन में विशेष रूप से तुलसीराम सेन काकाजी अशोक चौहान बृजेश पाराशर शंकर लाल शर्मा प्रवीण तिवारी राजेश मोहन शर्मा एडवोकेट सतीश भार्गव प्रेमलता राठौर नारायणी गर्ग, कमलेश खत्री, रेशम गिरोंदिया, हर्ष राठौर, कीर्ति साहू जसोदा तनेजा, ज्योती पांडे, अभिमन्यु भावसार, रामायण शुक्ला, नारायण राठौर, वेद प्रकाश राठौर, शैलेंद्र चंदेल, नितिन उपाध्याय, दीपांशु राठौर जितेंद्र नारोलिया, गोविंद लोबानिया, लक्ष्मण चौकसे, कैलाश चौहान, अक्षय शर्मा, कमल मेवाडा, रमेश यादव,वेद प्रकाश राठौड़, मुकेश राठौर, मथुरा प्रसाद सेन व आश्रम परिवार उपस्थित रहा।

### नेवज नदी के बड़े पुल के समीप किशनगढ़ के पास सुबह 9 बजे हुआ हादसा

# ओवरटेक करते समय ट्रक व कंटेनर की भिड़ंत, एक की मौत पांच घायल

## एलपीजी के खाली सिलेंडरों से भरे ट्रक और कंटेनर में हुई टक्कर





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 पर सोमवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। नेवज नदी के बड़े पुल के थोड़ा आगे ओवरटेकिंग के चक्कर में हुए इस हादसे में ट्रक और कंटेनर की भिड़ंत में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, वहीं 5 अन्य घायल हो गए। घटना के कुछ समय बाद ही ब्यावरा तरफ से आ रही एक एम्बुलेंस की मदद से पुलिस और ग्रामीणों द्वारा सभी घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया वहीं अन्य का इलाज जारी है। उल्लेखनीय है कि एनएच-52 पर शहरी सीमा के आसपास हो रहे इन हृदयविदारक हादसों के बाद राजगढ़ में बायपास निर्माण की मांग तेज हो चली है।

### खाली गैस सिलेन्डर लेकर भोपाल जा रहा था ट्रक

जानकारी के अनुसार सुसनेर से एलपीजी के खाली गैस सिलेन्डरों से भरा ट्रक क्रमांक एमपी-70 एच-2177 सोमवार सुबह भोपाल के लिए रवाना हुआ। ट्रक में चालक रमेशचंद्र सहित क्लीनर महेश सवार था। इस दौरान भोपाल जाने के इच्छुक तीन यात्री भी इसी ट्रक में बैठ गए क्योंकि उन्हें भोपाल के लिए तत्काल कोई यात्री वाहन नहीं मिल पाया था। जैसे ही इस ट्रक ने राजगढ़ से निकलकर नेवज नदी के बड़े पुल को क्रॉस किया तभी सामने से आ रहे कंटेनर क्रमांक आरजे-17 जीपी-0821 को ओवरटेक करते समय दोनों आपस में टकरा गए। दुर्घटना में ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं उसमें सवार चालक, क्लीनर सहित तीनों यात्री बुरी तरह घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसमें से एलपीजी के सिलेन्डर हाईवे सहित आसपास के खाईयों में जा गिरे।

### किशनगढ़ के युवाओं ने मदद

हादसे के तुरंत बाद मौके पर पहुंची पुलिस सहित किशनगढ़ ग्राम के स्थानीय युवाओं ने ब्यावरा तरफ से आ रही एक खाली एम्बुलेंस को रुकवाकर घायलों को अस्पताल भेजने की व्यवस्था करवाई। बाद में पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से हाईवे के किनारे करवाया ताकि हाईवे का यातायात अवरुद्ध न हो।

### दुर्घटना में ट्रक चालक ने तोड़ा दम

दुर्घटना में एलपीजी के खाली गैस सिलेन्डरों वाले ट्रक के चालक रमेश पिता मोहनलाल शर्मा निवासी शाजापुर की मृत्यु हो गई क्लीनर महेश पिता विष्णु भिलाला निवासी सुसनेर सहित रास्ते में बैठे यात्री विक्रम सिंह निवासी भागड़ा तंवर, थाना बाबई होशंगाबाद, अजय पिता मुन्ना भोई निवासी हजानपुरा ईंटखेड़ी, नारायण पिता देवादादा निवासी ईंटखेड़ी सहित कंटेनर चालक आबिद पिता इब्राहिम खान निवासी अलवर राजस्थान घायल हो गए।

### नरसिंहगढ़ से भरतपुर भेजा गया माल बीच में हो गया था गायब

# ट्रक चालक ने ही व्यापारी को धोखा देकर बेच दिया था माल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

अप्रेल माह में जिले के नरसिंहगढ़ कृषि उपज मंडी से करीब 258 किलो सरसों लेकर भरतपुर राजस्थान के लिए निकला ट्रक अचानक बीच में ही गायब हो गया था। जब 10-12 दिनों तक भी माल गंतव्य तक नहीं पहुंचा तो व्यापारी द्वारा नरसिंहगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। इस मामले में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने ट्रक चालक और माल खरीदने वाले उसके साथी को अंततः गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने सोमवार दोपहर प्रेसवार्ता के दौरान पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### दो आरोपियों से माल सहित नकदी बरामद

गत 9 अप्रेल को नरसिंहगढ़ मंडी से क्विंटल सरसों ट्रक क्रमांक आरजे-11 जीबी-0671 में लोड कर भरतपुर राजस्थान के लिए रवाना किया था। जब 12 दिनों तक भी माल भरतपुर नहीं पहुंचा था संबंधित व्यापारी द्वारा थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। मामले में पुलिस ने अपराध कायम कर विवेचना आरंभ की। इस दौरान टैक्निकल डाटा के एनालिसस सहित अन्य सूचना तंत्र के आधार पर पुलिस ने ट्रक सहित माल को गायब करने वाले धर्मेंद्र परिहार निवासी पिनाट जिला आगरा, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ शुरू की।

पूछताछ में धर्मेंद्र ने 258 क्विंटल सरसों में से करीब 230 क्विंटल माल धोलपुर निवासी बचन सिंह को बेचना कबूल किया। धर्मेंद्र की निशानदेही के आधार पर पुलिस ने बचनसिंह को भी गिरफ्तार करते हुए बेचे हुए माल से मिले साढ़े 3 लाख रुपए नकद सहित बाकी का 25 क्विंटल सरसों भी बरामद कर लिया है। इस संपूर्ण कार्यवाही में नरसिंहगढ़ टीआई शिवराज सिंह सहित थाने की पूरी टीम का योगदान रहा।

# नगर परिषद कुरावर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी का पदभार ग्रहण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर परिषद कुरावर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कर्मचारियों अरविंद मिश्रा सहायक राजस्व निरीक्षक एवं गोपाल सक्सेना ने साफा बांधकर फूलमाला से स्वागत किया सीएमओ ने समस्त कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर के नागरिकों के कार्य पहली प्राथमिकता है। हमारी पहली प्राथमिकता यहां है कि नगर का विकास होना चाहिए नगर के अंदर हर वार्डो में जो कार्य पेंडिंग पड़ेहैं उन्हें शीघ्र ही तत्परता से पूर्ण करें अपने व्यवहार में और अपने कार्य को निष्ठा ईमानदारी से आम नागरिकों के जहां में विश्वास पैदा करें जिससे कि नगर में अपना विश्वास बना रहे किसी को भी कोई परेशानी ना हो कार्य को तत्परता से निपटाएं। सभी कर्मचारियों से परिचय किया सभी शाखाओं में कार्यरत कर्मचारीयों एवं कार्य की प्रगति की जानकारी ली गई। इसके उपरांत नगर की अन्य व्यवस्थाओं जैसे की टीचिंग मैदान, जल भराव के क्षेत्र, जहां पर बारिश का पानी भरा रहता है वहां पर तुरंत निकासी की जाए जिन वार्डों में नालिया अधूरी पड़ी भी हैं उन्हें पूर्ण रूप से बारिश से पहले दुरुस्त और चुस्त कराया जाए जिससे कि वार्ड वासियों के घर में पानी न जाए और किसी प्रकार की कोई परेशानी उत्पन्न ना हो अमृत पार्क का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर नगर परिषद के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

**इनका कहना है**

नगर परिषद का पदभार ग्रहण करते हुए मेरी पहली प्राथमिकता नगर के विकास है। मैंने कुछ वार्डो का निरीक्षण भी किया है समस्याएं भी हैं उन्हें हल करने का प्रयास रहेगा।

लीलाधर सेन
मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद कुरावर

# 'एक देश, एक विधान का उद्‌घोष देने वाले राष्ट्रनायक को नमन'

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा की गई आयोजित



**सारंगपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान राष्ट्रभक्त और (एक देश, एक विधान, एक प्रधान) के उद्‌घोषक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर सोमवार को समर्पण और राष्ट्रवाद की प्रेरणादायक भावना के साथ क्षेत्र भर में श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन हुआ। जिसने पचोर बस स्टैंड परिसर, सारंगपुर भाजपा कार्यालय, ग्राम पंचायत पटाड़ियि धाकड़ और कोड़ियाखेड़ी में आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन में राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने डॉ. मुखर्जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा - डॉ. मुखर्जी का बलिदान भारत के गौरव का प्रतीक

पचोर में आयोजित प्रमुख श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मंत्री गौतम टेटवाल ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने भारत की एकता, अखंडता और आत्मसम्मान के लिए जो संघर्ष किया, वह देश के इतिहास में अमर रहेगा। उन्होंने विशेष रूप से कश्मीर के लिए दिए गए उनके बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि आज धारा 370 हटना, उनकी दूरदृष्टि और बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि है। मंत्री टेटवाल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे डॉ. मुखर्जी के विचारों और राष्ट्रसेवा की भावना को आत्मसात करें और भारत को शक्तिशाली राष्ट्र बनाने में योगदान दें। इस दौरान कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर, मंडल अध्यक्ष विकास,नगर पंचायत अध्यक्ष विकास करोड़ियि सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बुवाई के लिए किसान परेशान

# खारपा में किसानों की कृषि भूमि पर जाने का रास्ता बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

समीपवर्ती ग्राम खारपा में किसानों की भूमि पर जाने का रास्ता बंद होने से किसान बुवाई के लिए परेशान हैं। तहसीलदार के आदेश के बाद भी रास्ता नहीं खोला गया। खारपा के किसानों ने कृषि भूमि पर अवैध कब्जे को हटाकर खेत में जाने हेतु रास्ता प्रदान करने के लिए आवेदन दिया था। जिस पर तहसीलदार आरपी सिंह ठाकुर के आदेश के बाद भी रास्ता नहीं खुलवाया गया। इसलिए हम किसानों को जमीन में फसल बुवाई करने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा हे, किसानों ने बताया कि उक्त कृषि भूमि में जाने हेतु अन्य कोई रास्ता नहीं है। अन्य व्यक्ति द्वारा रास्ते में अवैध कब्जा कर आम रास्ता रोक दिया है, जिससे आने-जाने का रास्ता बंद हो रहा है तथा खेती किसानी करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि तहसीलदार के आदेश के बाद भी अभी तक कोई टीम गठित होकर रास्ता नहीं खुलवाया गया। तहसीलदार ने किसानों की समस्या को समझते हुए कहा कि कल पुलिस बल भिजवा कर रास्ता खुलवा दिया जाएगा। तहसील कार्यालय में उपस्थित किसानों में बनेसिंह, मनोहर सिंह, पवन, बालचंद ,बंसीलाल, मोड सिंह, विजय सिंह, कालू सिंह, सरदार बाई, प्रेम सिंह, द्रोपती बाई, रामबाबू, सुरेश, निहाल सिंह, गंगाबाई, भेरू सिंह, कंचनबाई, बबली, रमेश, बाबूलाल, कंवरलाल, सरदारबाई आदि मौजूद रहे।

**इनका कहना है**

पुलिस बल के माध्यम से रास्ता खुलवा दिया जाएगा। एसडीओपी से बात करके पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध करा कर रास्ता खुलवाने की कार्रवाई होगी।

आरपी सिंह ठाकुर, तहसीलदार

### नगर का विकास पहली प्राथमिकता : सुनेरे



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले। इतना ही नहीं नगर के विकास के लिए जन प्रतिनिधियों के सहयोग एवं मार्गदर्शन में नगर का विकास पहली प्राथमिकता है। यह बात मुख्य नपाधिकारी ज्योति सुनेरे ने मीडिया से चर्चा करते हुए कही। मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि शासन की किसी भी योजना से नगर में विकास कार्य संचालित है उसे समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कराए जाने के संबंधित ठेकेदार व नपा इंजीनियर को दिए हैं।

# गुना जिले में हुई बीपालएम उपचार पद्धति की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



एमडीआर टीबी मरीजों के लिए पहले से अधिक प्रभावी उपचार हेतु कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में एवं डॉ . राजकुमार ऋषिश्वर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में बीपाल एम रेजिमेन की शुरुआत की गई। जिला क्षय अधिकारी डॉ सुदर्शन कुशवाह द्वारा इन दवाइयों के उपयोग और मरीजों को होने वाले चिकित्सकीय लाभ की जानकारी दी। बीपालएम उपचार पद्धति में चार दवाएं बेडाक्विलाइन, प्रीटोमैनिड, लाइनज़ोलिड और मोक्सीफ्लोक्सासिन शामिल है। इन दवाइयों का डोज पिछली एमडीआर-टीबी उपचार प्रक्रिया की तुलना में अधिक प्रभावी और तेज़ उपचार विकल्प साबित हुआ है। पारंपरिक एमडीआर-टीबी उपचार 18 से 20 महीने तक चल सकते हैं, जबकि बीपीएलएम उपचार पद्धति दवा प्रतिरोधी टीबी को केवल 6 से 9 महीने में ठीक कर सकती है। ये दवाइयां 14 साल से अधिक उम्र के लोगों को दी जा रही हैं। इससे कम उम्र के मरीजों को निर्धारित चिकित्सकीय प्रोटोकॉल के अनुसार दवाइयां दी जाएंगी। भारत सरकार की गाइडलाइन अनुसार मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ सोबरन राय ने अपनी देखरेख में मरीज का नए रेजिमिन पर उपचार प्रारंभ किया। जिला डीआर टीबी समन्वयक विपिन सक्सेना ने रोगी को समय समय पर जांचे कराने व सावधानियां बरतने संबंधित जानकारी दी गई।

### राघौगढ़ में भूतपूर्व सैनिक एवं सैनिक विधवाओं की बैठक आज

**गुना।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सत विन्दार सिंह ने बताया कि तहसील राघौगढ़ अंतर्गत समस्त भूतपूर्व सैनिक एवं सैनिक विधवाओं को सूचित किया जाता है कि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय गुना द्वारा दिनांक 25 जून को 11 बजे भूतपूर्व सैनिक, सैनिक विधवाओं एवं उनके आश्रितों के साथ तहसील परिसर राघौगढ में बैठक का आयोजन किया जायेगा। जिसमें भूतपूर्व सैनिकों को शासन से मिलने वाली आर्थिक सहायता एवं अन्य हितों की जानकारी के साथ-साथ उनकी पेंशन, परिवार पेंशन, अन्य समस्याओं के समाधान पर चर्चा की जाएगी। सभी भूतपूर्व सैनिक एवं सैनिक विधवाओ से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

### जिले के दो मंडल कैंट और म्याना मंडल की घोषणा

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा द्वारा कैंट मंडल एवं म्याना मंडल के अध्यक्षों की घोषणा की गई है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन ने बताया कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व द्वारा गुना जिले के रुके हुए 5 मंडलों में से कैंट एवं म्याना मंडल अध्यक्ष की घोषणा की गई।

# रेलवे स्टेशन गुना पर किया विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण गुना के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में वंदना त्रिपाठी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना एवं सर्वेश चतुर्वेदी जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली द्वारा चलाए जा रहे साथी अभियान के संबंध में स्थानीय रेल्वे स्टेशन का भ्रमण कर आमजन को साथी अभियान के अंतर्गत निराश्रित बालकों के आधार कार्ड बनवाये जाने के लिये प्रेरित किया गया। उक्त अवसर पर आयोजित किये गये विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से वंदना त्रिपाठी सचिव द्वारा उपस्थित जनसमूह को बताया गया कि नालसा द्वारा चलाए जा रहे साथी अभियान के अंतर्गत निराश्रित बच्चों के आधार कार्ड बनवाये जाने है। यदि आपके आसपास भी ऐसे निराश्रित बच्चे जिनके माता पिता नहीं है उनकी जानकारी कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में उपलब्ध करावे जिससे कि उनके आधार कार्ड बनवाये जाकर उन्हे शासन की कल्याणकारी योजनाओं को लाभ प्राप्त हो सके।उक्त अवसर पर सर्वेश चतुर्वेदी जिला विधिक सहायता अधिकारी गुना द्वारा आमजन को नालसा की आशा योजना, जागृति योजना, डॉन योजना, अपराध पीडित प्रतिकर योजना, नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों हेतु विधिक सेवा योजना के साथ ही निःशुल्क हेल्पलाईन नंबर 15100, निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जाकर लाभांवित किया गया।

### गीता स्वाध्याय सत्संग संपन्न

**गुना।** मनुष्य के अंदर आत्मा मौजूद हैं आत्मा ही परमात्मा का स्वरूप है हम मन की बात तो मानते हैं और आत्मा की बात नहीं मानते गीता और रामायण में कही गई बातों का हमें जीवन में अनुकरण भी करना चाहिए। उक्त विचार बलवंत नगर अटल पार्क में मुन्ना लाल साहू द्वारा शिव मंदिर पर कराये गये स्वाध्याय में रामस्वरूप सेन ने व्यक्त किए। सुभाषित के माध्यम से केशव बैरागी ने बताया कि हमें पशु, पक्षियों तथा अन्य जीव जन्तुओं की रक्षा करना चाहिए। अमृत वचन में पी एस मीना ने बताया कि मनुष्य को योग प्रतिदिन करना चाहिए जो नियमित योग करते हैं उन्हें दवा की जरूरत नहीं पड़ती। प्रेरक प्रसंग में महेन्द्र सोनी ने कहा कि भगवान जो भी करता है ठीक करता है यदि आम के पेड़ पर कद्दू लगाया होता और वह नीचे आराम कर रहे मनुष्य पर गिरता लो उसका परिणाम क्या होता आप स्वयं सोच सकते हैं। गीता के पत्रक स्वाध्याय गीत, श्लोकों का वाचन रामस्वरूप सेन ने कराया। स्वाध्याय में विनोद विजयवर्गीय, मुन्ना लाल साहू, प्रकाश शर्मा, वैष्णवी, गायत्री सेन, राकेश लखेरा, सुमन लखेरा सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## भाजपा ब्यावरा मंडल ने मनाया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना धारा 370 हटाकर पीएम मोदी ने किया पूरा: मंत्री पंवार






हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

भारतीय जनता पार्टी मंडल ब्यावरा ने विधायक कार्यालय में भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के पर मध्य प्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पवार डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के सामने दीप प्रचलित कर तिलक लगाकर माल्यार्पण किया। भारतीय जनसंख्या संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मध्य प्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पवार ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति धारा 370 और कश्मीर की आजादी के लिए दी है। भाजपा जिला महामंत्री पंडित अमित शर्मा भाजपा जिला उपाध्यक्ष जसवंत सिंह गुर्जर, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने भी दीप प्रज्जवलित किया।

### जनसंघ के समय से कश्मीर की आजादी के लिए किया संघर्ष

उन्होंने तत्कालीन नेहरू सरकार से इस्तीफा देकर सन 1951 में भारतीय जनता जनसंघ की स्थापना करते हुए कश्मीर की आजादी की लड़ाई उन्होंने लड़ी और अपने प्राणों की आहुति दी डॉ मुखर्जी का बलिदान व्यर्थ नहीं गया कार्यकर्ताओं की मेहनत व्यर्थ नहीं गई लगातार 60-65 सालों से हम धारा 370 हटाने का विरोध करते हुए नारे लगाते हुए जहां हुए बलिदान मुखर्जी को कश्मीर हमारा है मुखर्जी का वह सपना भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया और कश्मीर से धारा 370 हटाकर दो प्रधान दो निशान की प्रथा को हटाकर आज भारत का तिरंगा झंडा जम्मू कश्मीर लाल चौक पर बड़ी शान से लहरा रहा है आज कश्मीर के अंदर शांति है यह सपना डॉक्टर मुखर्जी का था जो पूरा हुआ। आज डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर हम सब कार्यकर्ताओं को मुखर्जी के पद चिन्हो पर चलने का संकल्प लें।

### एक पेड़ मां के नाम लगाया गया

भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज ब्यावरा मंडल के सभी बूतों पर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया और आज एसडीओपी कार्यालय में एक पेड़ मां के नाम डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव, मंडल महामंत्री सुमित सोलंकी दीपक सामरे, किसान मोर्चा जिला महामंत्री इंदर सिंह लववंशी, आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने अपने बूथों पर बलिदान दिवस मनाया।

## खबर संक्षेप

### छात्रावास में प्रवेश के लिए एमपी टास पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** जिले में संचालित अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के छात्रावासों का एमपी टास मॉड्यूल के माध्यम से संचालन किया जा रहा है। शिक्षण सत्र 2025-2026 में जो छात्र एवं छात्राएं छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है, वे छात्रावास में प्रवेश से पहले अपना प्रोफाइल पंजीयन करा लें। छात्रावास में प्रवेश के लिए प्रोफाइल पंजीयन अनिवार्य है। इसके बिना छात्रावास में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। छात्रावास में प्रवेश के लिए आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून 2025 निर्धारित की गई है। विद्यार्थी वेबसाईट WWW.Tribal.mp.gov.in MPTAAS पर जाकर नया हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण कर सकते है। छात्रावास में प्रवेश के लिए विद्यार्थी जिस छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है, उस छात्रावास में जाकर निशुल्क छात्रावास प्रवेश आवेदन फार्म प्राप्त करें और फार्म को भरकर जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी, समग्र आईडी., आधार कार्ड, प्रोफाइल पंजीयन, बैंक पासबुक, पिछली कक्षा की अंकसूची एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ छात्रावास में अधीक्षक के पास जमा करा सकते है।

### नल-जल योजना के पाइप चोरी करने वाले अंतराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़

# राजस्थान से आते थे चोरी करने, कार से करते थे रेकी, रात में करते थे वारदात

**आष्टा पुलिस ने चोरी के मामले में की बड़ी कार्यवाही, 65 लाख रुपये का मशरूका जप्त, 05 आरोपी गिरफ्तार।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



थाना आष्टा एवं सिद्दीकगंज थाना क्षेत्रों में नल-जल योजना के अंतर्गत पेयजल पाइपलाइन हेतु रखे गए 300 पाइप जिसमें 100 आष्टा और 200 पाइप सिद्दीकगंज से चोरी कर लिए गए थे। पुलिस ने हरियाणा व राजस्थान के आरोपियों को गिरफ्तार कर पाइप, ट्रक व कार सहित कुल 65 लाख का मशरूका बरामद किया है। 10 जून को फरियादी मनीष विश्वकर्मा ने थाना आष्टा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम भीमपुरा में नल-जल योजना के लिए रखे गए 100 पाइप चोरी हो गए हैं। विवेचना में यह भी सामने आया कि थाना सिद्दीकगंज क्षेत्र से 200 पाइप चोरी किए गए थे। प्रकरण में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, अति. पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत, एसडीओपी आकाश अमलकर के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश दुबे के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। सीसीटीवी फुटेज, साइबर विश्लेषण व मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। 21 जून को देवनखेड़ी जोड़ के पास चोरी की फिराक में आए पांच आरोपियों को पुलिस टीम द्वारा एक ट्रक व कार सहित रंगे हाथों पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने आष्टा और सिद्दीकगंज क्षेत्र से पाइप चोरी करना स्वीकारते हुए बताया कि चोरी गए पाइप हरियाणा के हिसार में छुपा कर रखे हैं। पुलिस टीम ने वहां से पाइप बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों ने थाना सिद्दीकगंज क्षेत्र में भी चोरी करना स्वीकारा। आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर हरियाणा से चोरी गए पाइपों की बरामदगी की गई। सभी को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। संघठन के रूप में अपराध किया गया था अतः संगठित अपराध की धारा का भी इजाफा किया गया।

#### पांच आरोपी गिरफ्तार

आष्टा और सिद्धिगंज क्षेत्र में चोरी हुए पाइप के मामले में शहजाद पिता बम्बन 36 वर्ष, निवासी शहजपुर, राजस्थान, आदिल पिता आबिद 18 वर्ष, निवासी शहजपुर, राजस्थान, शहजाद उर्फ भोला पिता हक्कु 29 वर्ष, निवासी शहजपुर, राजस्थान, हाकम पिता नसरु खां 32 वर्ष, निवासी बदोपुर, जिला नूंह, राजस्थान, वाजिद पिता नसरु खां 19 वर्ष, निवासी बदोपुर, जिला नूंह, राजस्थान को गिरफ्तार किया।

# कायाकल्प अवॉर्ड से अमलाहा, दोराहा सीएचसी को किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने स्वर्ण जयंती सभागार नारोन्हा प्रशासनिक अकादमी भोपाल में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के कायाकल्प, एनक्यूएएस, मुस्कान एवं लक्ष्य कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वास्थ्य संस्थाओं को सम्मानित किया।

उन्होंने इन लक्ष्य कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सीएमएचओ श्री सुधीर डेहरिया और सीहोर जिले की स्वास्थ्य विभाग की टीम को सम्मानित किया। कार्यक्रम में उन्होंने सीहोर जिले के अमलाहा पीएचसी को प्रदेश में प्रथम स्थान पर आने के लिए कायाकल्प अवॉर्ड से सम्मानित किया। इसी प्रकार सीहोर जिले के ही दौराहा सीएचसी को प्रथम रनर-अप के रूप में कायाकल्प अवार्ड से सम्मानित किया।

एनक्यूएएस में टॉप 10 जिला चिकित्सालयों में सीहोर जिला चिकित्सालय को सम्मानित किया। इसके साथ ही जिले की 12 स्वास्थ्य संस्थाओं को सम्मानित किया, जिनमें सीहोर जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल आष्टा, सीएचसी दोराहा, जावर, बिलकिसगंज, रेहटी, बुधनी, पीएचसी अमलाहा, दिवाडिया, चकल्दी, कोठरी और एसएचसी खारी शामिल हैं।

# उपाध्याय विशोक सागर मुनिराज ससंघ की आर्यिका विदिता श्रीजी ससंघ ने समाज जनों के साथ की अगवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



साधु प्रकृति में जीते हैं और प्रकृति भी साधु -संतों का साथ देती है।साधु -संत हमेशा धर्म आराधना करते हैं और श्रावक भी हर समय धर्म को नहीं भूले और अपने आराध्य को।भारत देश की दो आंखें आचार्य विद्यासागर और आचार्य विराग सागर थे।पूज्य गुरुदेव कहते थे कि भावना भव नाशिनी होती है और भावना भव- भव को बढ़ाती है।हम सभी भारत भूमि में रहते हैं जो भरत के भारत देश के मध्य प्रदेश के मालवा में हम है।आष्टा से अष्टा पद की यात्रा का स्मरण हो जाता है।परिणामों में विशुद्धि और निर्मलता है तो जंगल में भी आप भक्ति भाव से आराधना कर सकते हैं।भाग्य से अधिक नहीं मिलेगा और समय से पहले नहीं। तीन मिनट में निंद आ जाएं तो आप सौभाग्यशाली है,अन्यथा अनेक ऐसे भी लोग हैं जो निंद की गोली खाते हैं। इच्छाएं सीमित रखना चाहिए ,असिमित इच्छाओं की पूर्ति संभव नहीं। व्यक्ति खाली हाथ आया है और खाली हाथ ही जाना है।मनुष्य पर्याय से ही आत्मा का कल्याण होगा।उक्त बातें नगर के श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर अरिहंत पुरम अलीपुर में पूज्य आचार्य गुरुदेव विराग सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य उपाध्याय विशोक सागर मुनिराज, मुनिश्री विनिबोध सागर एवं आर्यिका विदिता श्रीजी माता जी ने आशीष वचन देते हुए कही। उपाध्याय विशोक सागर मुनिराज ने अपने गुरुदेव की चर्या सहित क्रियाओं का उल्लेख किया।जैसा गुरुदेव का नाम वैसे ही बैरागी थे और बैरागियों की कतार जहां भी जाते वहां बैरागियों की लाईन लग जाती है। बैरागी कर्म भूमि होते हैं। गुरुदेव जिस प्रांत में भी गए वहां बैरागियों की लाईन लगी।मूलाचार्य में गुरुदेव जीएं।जो साधक एक व्यक्ति की समाधि कराते है या सहयोगी बनते है उनका कल्याण निश्चित रूप से होता है। आपने कहां डेढ़ सौ की समाधि गुरुदेव ने कराई। आचार्य विमल सागर मुनिराज और आचार्य सन्मति सागर मुनिराज का आशीर्वाद गुरुदेव को मिला । अनेक क्षेत्रों और जीवों का उद्धार किया गुरुदेव ने । उन्होंने शास्त्रों में जैसा लिखा है वैसा ही अनुशरण किया।मूलाचार पढ़ो या नहीं ,लेकिन श्रावकाचार्य अवश्य पढ़ें, ताकि अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। अपने मूल गुणों का पता श्रावकों को अवश्य होना चाहिए। आचार्य समंतभद्र स्वामी के श्रावकाचार्य ग्रंथ का उल्लेख किया।

धर्म की रक्षा के लिए तत्पर रहें और आवश्यक हो तो संलेखना ले लेवें,बचने की उम्मीद नहीं हो तो चारों प्रकार का त्याग कर देना चाहिए।गुरुदेव अस्पताल नहीं गए, उपचार नहीं लिया, अपनी जिंदगी भर की साधना को नहीं तोड़ा। सभी ने उनके लिए आराधना की। ठीक हो गए, लेकिन आहार के बाद उन्हें लगा कि अब अंतिम समय आ गया, सभी शिष्यों को मंगल आशीर्वाद दिया।संघ का शंखापति कठोर,नरम भी होता है। उन्होंने सभी से क्षमायाचना की।मूल तीन परमेष्ठि होते हैं अरिहंत, सिद्ध और आचार्य परमेष्ठि। आचार्य विशुद्ध सागर मुनिराज को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर पट्टाचार्य पद दिया। विनिबोध सागर मुनिराज ने कहां हम सभी अंतिम तीर्थंकर महावीर स्वामी के शासन में बैठे हैं और उनकी आराधना कर रहे हैं।जब व्यक्ति का पुण्य नहीं है तो घर वाले ही नहीं पूछते हैं। परिणामों में विशुद्धि और निर्मलता है तो जंगल में भी आप आराधना कर पुण्य अर्जित कर सकते हैं।आपका पुण्य आपके साथ । पंचम काल में व्यक्ति स्वर्ग से आगे नहीं जा सकते हैं । प्रयास अधिक पुण्य अर्जित करने का करें। आष्टा पेट्रोल पंप समान है जो भी साधु संत इंदौर -भोपाल जातें हैं यहां अवश्य रुकते हैं।हर साधु -संतों के आगमन और विहार में शामिल अवश्य हो।

आर्यिका विदिता श्रीजी माता जी पुण्यादिवंदी पुण्य है जो आप अलीपुर वालों को मुनिश्री का चातुर्मास मिला है। समाज अच्छी है तो बड़े -बड़े काम हो जातें हैं। बीते साल विनंद सागर मुनिराज का चातुर्मास हुआ। मनुष्य पर्याय में ही आत्मा का कल्याण हो सकता है। जैन कुल में जन्म लिया है सौभाग्यशाली है। अपने पुरुषार्थ से आत्मा को परमात्मा बना सकते हैं। श्रावक धर्म कम नहीं। जैन धर्म ही आत्मा से परमात्मा का मार्ग प्रशस्त करता है। हमेशा जागृत रहे। पुण्य का संचय करना चाहिए। नोटों से नहीं पुण्य से तिजोरी भरों, यही काम आएगा,इस धरा पर सब-कुछ धरा रह जाएगा, सिर्फ पुण्य ही साथ जाएगा। भावना भव नाशिनी होती है। मिथ्या काम में आगे, सम्यकत्व के काम में पीछे रहते हैं।

साधुओं को आपको दर्शन हो रहे हैं, पुण्यशाली है। छोटे छोटे नियमों को लेकर पुरुषार्थ करें। ऊंचे स्वप्न देखें, तभी भगवान बन सकते हैं।हमें उपाध्याय भगवंत की अगवानी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।26 को आष्टा से हमारा विहार और 28 को जावर में चातुर्मास हेतु मंगल प्रवेश होगा। गाजे-बाजे के साथ नगर प्रवेश हुआ उपाध्याय विशोक सागर मुनिराज ससंघ का इंदौर नाका पर आर्यिका विदिता श्रीजी ससंघ ने समाज जनों के साथ मंगल अगवानी कर अलीपुर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अलीपुर मंदिर पहुंचे। कदम -कदम पर उपाध्याय विशोक सागर मुनिराज का समाजजनों ने पाग प्रक्षालन किया।

## डॉक्टर धनगर को मिला यंग अचीव अवार्ड

**सीहोर।** बीते दिनों जबलपुर में हुए सीसीडीएसआई 2025 सम्मेलन में यंग अचीव अवार्ड से डॉ. डी धनगर को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल विरमानी, न्यायमूर्ति एस.के. पालू और डॉ. अंजलि पालू के द्वारा यंग अचीव अवार्ड से श्री धनगर को सम्मानित किया। जिसमें समुदाय के प्रति उनकी 10 वर्षों की समर्पित सेवा को मान्यता दी गई। डॉक्टर धनगर एक सच्ची प्रेरणा, दयालु और स्वास्थ्य सेवा का स्तंभ माने जाते है।




# भाजपा नगर मंडल कार्यकर्ताओं ने मनाया बलिदान दिवस, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आज भाजपा नगर मंडल आष्टा ने नगर भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर नगर भाजपा द्वारा आष्टा नगर के लोकतंत्र सेनानी फूलचंद वर्मा का शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जिला भाजपा के कार्यक्रम संयोजक ललित नागोरी ने नगर भाजपा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अनेक क्रांतिकारियों के बलिदानों के आधार पर देश को 1947 में आजादी मिली। लेकिन देश में पं. नेहरू के नेतृत्व में जो पहली सरकार बनी, उसने यह निर्णय लिया कि जम्मू कश्मीर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का बनाया संविधान लागू नहीं होगा। भारत का प्रधानमंत्री अलग होगा, कश्मीर में वजीरे आजम अलग होगा।

देश का संविधान और ध्वज अलग होगा। कश्मीर में धारा 370 लगा दी गई। उस समय नेहरू मंत्रिमंडल में उद्योग मंत्री डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने इसका विरोध किया। डॉ. मुखर्जी ने कहा एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे। उन्होंने नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया और जनसंघ की स्थापना की। ₹भाजपा की सरकार ने पूरा किया डॉ. मुखर्जी का संकल्प₹ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री धारासिंह पटेल,जिला मीडिया प्राभारी सुशील संचेती, जिला महिला मोर्चे की अध्यक्ष ऋतु जैन,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा,नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया आदि ने भी बलिदान दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने धारा 370 के खिलाफ आंदोलन किया, जिसके चलते उन्हें जम्मू कश्मीर की जेल में भेज दिया गया और जेल में ही डॉ. मुखर्जी की संदिग्ध स्तिथि में मृत्यु हो गई ।

जब 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी, जब धारा 370 हटाने को लेकर संसद में बहस चल रही थी, तब कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों ने कहा था कि अगर धारा 370 हटाई गई, तो देश टूट जाएगा, कश्मीर जल जाएगा,खून की नदियां बह जायेगी, तिरंगा उठाने के लिये कोई हाथ नजर नही आयेगा । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने धारा 370 हटा दी। उन्होंने कहा कि सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को इस बात पर गर्व होना चाहिए कि हम उस भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं, जिसकी सरकार ने कश्मीर से धारा 370 हटाई है। आज समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के कल्याण की योजनाएं इसलिए सफल हो रही हैं, क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री भी गरीब मां के बेटे हैं और झोपड़ी में रहने वालों का दर्द पहचानते हैं। कार्यक्रम में गजराज मेवाडा,कृपालसिंह ठाकुर,मनोज ताम्रकार, तारा कटारिया, प्रिया खंडेलवाल,नीलिमा बैरागी, निर्मला कुशवाह आदि मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री धनरुपमल जैन ने एवं आभार मोहित सोनी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर भाजपा के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्तिथ थे।

### दलितों के साथ भोजन कर कांग्रेस ने दिया समरसता का संदेश

# कांग्रेस संविधान को मानती है: गुजराती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दलित बस्ती अंबेडकर नगर में पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनुसूचित जाति वर्ग के नागरिकों के साथ बैठकर भोजन किया और एकता समरसता का बेहतरीन संदेश दिया। शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा ग्वालियर उच्च न्यायालय के बाहर संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा नहीं लगाने देने को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस पार्टी के द्वारा प्रदेश में शुरू किए गए संविधान सत्याग्रह अभियान के अंतर्गत मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निशांत वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा शहर में संविधान सत्याग्रह अभियान 2 जून से 25 जून तक लगातार चलाया जा रहा है। सामूहिक भोज कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती और शहर ब्लॉक जिला कांग्रेस अध्यक्ष निशांत वर्मा के द्वारा संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। अंबेडकर नगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी को कांग्रेस ने ही केंद्रीय परिषद में सम्मिलित किया था और उन्हें भारत का संविधान लिखने वाली कमेटी का सदस्य बनाया था कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब का सम्मान किया है। शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष निशांत वर्मा ने कहा कि संविधान के विरोधियों को ग्वालियर उच्च न्यायालय के बाहर संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाए जाने पर ही तकलीफ हो रही है भला यह लोग कितना बाबा साहब का सम्मान करते होंगे यह स्पष्ट हो रहा है। भाजपा ने हमेशा बाबा साहब का अपमान किया है और कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को सम्मान दिया है समाज में उच्च नीच का भाव भाजपा के लोग हमेशा फैलाते रहे हैं कांग्रेस का हाथ हमेशा गरीब अनुसूचित जाति जनजाति आदिवासी अल्पसंख्यक वर्ग के साथ होता है आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दलित बस्ती में रहने वाले नागरिकों के साथ भोजन कर धर्म और जाति की राजनीति करने वाले लोगों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। अंबेडकर नगर वार्ड नंबर 11 में आयोजित भोजन कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रुक्मणी रोहिला,जिला संगठन प्रभारी राजाराम बड़े भाई,प्रीतम दयाल चौरसिया, डॉ अनीश खान, सेवादल अध्यक्ष नरेंद्र ख़ंग्राले, ओम बाबा राठौर ,पूर्व नेता प्रतिपक्ष पवन राठौर, मुकेश ठाकुर, दिनेश भैरवे, आशीष रोहिला,सुरेश राठौर,रामायण प्रसाद शुक्ला, घनश्याम जाटव, धर्म प्रकाश आर्य, सूरज मंगरोलिया, धन्नालाल परचोले, जीत विश्वकर्मा, चरण प्रजापति युवा कांग्रेस मध्य प्रदेश सचिव हर्षदीप राठौर, पूर्व पार्षद आरती खंगराले, भगत तोमर, धीरज देशमुख, कमलेश चांडक, अजय रैकवार, विनीत गोयल, पन्नालाल ख़ंगराले, बसंती बाई जाटव, सिद्धू देवी ठाकुर, सूरज मंगरोलिया, दीपक सोनकर, चरण प्रजापति, आदि नागरिक और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# योग को अपनाने का सभी ले संकल्प: न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विजय डांगी, जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति आष्टा के द्वारा न्यायालय प्रांगण आष्टा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। वर्ष 2025 में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के लिए विषय इस प्राचीन अभ्यास के सार को दर्शाता है। योग दिवस के अवसर पर वरिष्ठ योग शिक्षक योगी राम नरेश यादव, मोहन लाल अजनोदिया, मनीष डोंगरे द्वारा उपस्थित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण को योगाभ्यास कराया गया तथा योगी रामनरेश यादव द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सम्बोधित करते हुए बताया गया कि योग कर्मसु कौशलम अर्थात योग से कर्मों में कुशलता आती है। व्यावहारिक स्तर पर योग शरीर मन और भावनाओं में संतुलन और सामंजस्य स्थापित करने का एक साधन है। योग के आठ अंगों को अष्टांग कहते हैं जिससे आठों आयामों का अभ्यास एक साथ किया जाता है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, धारणा, ध्यान, प्रत्याहार, समाधि को योग के आठ अंग माना जाता है। योग में प्राणायाम का विशेष महत्व है। अनुलोम विलोम, कपालभाति और भ्रामरी प्राणायाम। विजय डांगी, जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति, आष्टा के द्वारा अपने संबोधन में बताया कि भगवान कृष्ण को योगीराज कहा जाता है कि क्योंकि योग के सभी नियमों का पालन उन्होंने किया है और उन्होंने कहा कि अंतर्राष्टीय योग दिवस पर यह सांकेतिक योग है इनको प्रतिदिन सभी लोगों को अपने जीवन में संकल्प के साथ रोज प्रातः काल में करना चाहिए ताकि शरीर स्वस्थ रहे। योगाचार्य मोहन लाल अजनोदिया ने उपस्थित जन को संकल्प दिलवाया कि मैं स्वयं को एक स्वस्थ्य, शांतिप्रिय, आनंदपूर्ण एवं प्रेमपूर्ण मानव बनाने का संकल्प लेता हूं। इस अवसर पर अधिवक्ता नगीन चंद्र जैन, योग शिक्षक अजनोदिया जी एवं मनीष डोंगरे ने भी योग के संबंध में सार गर्भित जानकारी दी। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश शमहेश कुमार चैहान, न्यायाधीश नदीम जावेद खान, न्यायाधीश ऋचा जैन, न्यायाधीश ऋचा शर्मा, अधिवक्तागण में धीरज धारवां, कुलदीप शर्मा, भूपेन्द्र सिंह राणा, भूपेश जामलिया आशीष जोशी व समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित थे।